दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 14.01.2025

# अपराध नियंत्रण में मददगार होंगे ड्रोन, एडीजी ने किए वितरित



एडीजी कार्यालय में ड्रोन का किया गया प्रदर्शन • स्रोत पुलिस

जासं, बरेली : अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन रमित शर्मा ने आगामी त्योहारों पर आमजन की सुरक्षा व अपराध नियंत्रण के साथ शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को सभी जिलों को ड्रोन वितरित किए।

एडीजी जोन ने कहा कि ड्रोन आगामी सार्वजनिक आयोजनों में जोन पुलिस की सुरक्षा योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगें और भीड़ की प्रभावी निगरानी, नियंत्रण और संभावित सुरक्षा खतरों की शुरुआती पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। लाजिस्टिक्स कार्यालय से प्राप्त ड्रोन की मदद से जोन पुलिस को आपात स्थितियों में तेजी से प्रतिक्रिया करने में मदद मिलेगी।

**हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 14.01.2025**

# त्योहारों पर निगरानी को बांटे गए ड्रोन

**सुरक्षा**

- जोन कार्यालय में पुलिसकर्मियों को संचालन की दी गई ट्रेनिंग
- एडीजी ने सभी जिलों की पुलिस को ड्रोन का किया वितरण

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** आगामी त्योहारों पर पुलिस का सुरक्षा घेरा मजबूत करने के लिए सोमवार को जोन कार्यालय में एडीजी रमित शर्मा ने सभी जिलों की पुलिस को ड्रोन का वितरण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को ड्रोन के संचालन की ट्रेनिंग भी दी गई।

एडीजी रमित शर्मा ने ड्रोन का वितरण करते हुए कहा कि ये ड्रोन आगामी सार्वजनिक आयोजनों में जोन पुलिस की सुरक्षा योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगें तथा भीड़ की प्रभावी निगरानी, नियंत्रण और सम्भावित सुरक्षा खतरों की शुरूआती पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगें। ये ड्रोन लॉजिस्टिक्स कार्यालय से प्राप्त हुए थे, तो सभी जिलों को वितरित किए गए हैं। ड्रोन की मदद से जोन पुलिस को आपात स्थितियों में तेजी व अधिक सटीक रूप से प्रतिक्रिया करने में मदद मिलेगी। इस दौरान ड्रोन संचालन में प्रशिक्षित कर्मियों से इसकी ट्रेनिंग भी कराई गई। जनपद बरेली एवं बदायूं के ड्रोन संचालन में प्रशिक्षित आरक्षीगण को उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरस्कार भी दिया गया।



ड्रोन के बारे में जानकारी देते एडीजी रमित शर्मा। ● हिन्दुस्तान

## अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 14.01.2025

# जोन के सभी नौ जिलों को मिले ड्रोन संवेदनशील इलाकों की होगी निगरानी

**बरेली।** जोन के सभी नौ जिलों को सार्वजनिक आयोजनों और प्रमुख त्योहारों पर संवेदनशील इलाकों की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे दिए गए। सोमवार को पुलिस लाइन में एडीजी रमित शर्मा ने बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, संभल और अमरोहा जिलों के लिए ड्रोन का वितरण किया। पुलिस मुख्यालय से मिले ड्रोन कैमरे अत्याधुनिक और बेहतर क्षमता वाले हैं। ये ज्यादा देर तक उड़ान भर सकते हैं। वितरण से पहले सभी जिलों से आए पुलिसकर्मियों को ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। बड़े आयोजनों के दौरान ये ड्रोन संवेदनशील इलाकों में निगरानी और प्रारंभिक खतरों को पहचानने में अहम भूमिका निभाएंगे। बेहतर ढंग से ड्रोन उड़ाने वाले पुलिसकर्मियों को एडीजी ने पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर आईजी डॉ. राकेश सिंह भी मौजूद रहे। संवाद

## अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 14.01.2025

# संवेदनशील इलाकों में अब ड्रोन से होगी निगरानी



बरेली, अमृत विचार : संभल हिंसा से सबक लेते हुए अब जोन के सभी जिलों में संवेदनशील इलाकों की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। एडीजी रमित शर्मा ने सभी जिलों को ड्रोन भी उपलब्ध करा दिए हैं। संभल हिंसा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को मजबूत किया जाए। इसी के तहत संभल में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और ड्रोन के जरिए इलाके की निगरानी शुरू की गई है। एडीजी रमित शर्मा ने सोमवार को जोन के सभी जिलों में ड्रोन वितरित किए। इन ड्रोन का उपयोग न केवल संवेदनशील इलाकों की निगरानी के लिए किया जाएगा, बल्कि त्योहारों और बड़े सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भीड़ पर नजर रखने में भी मदद मिलेगी। ड्रोन लाइव वीडियो फीड प्रदान करेंगे, जिससे अधिकारियों को स्थिति का सही आकलन करने में मदद मिलेगी।

## आई नेक्सट जनपद बरेली दिनॉक 14.01.2025

# अपराध नियंत्रण को मददगार होंगे ड्रोन एडीजी ने बांटे

**BAREILLY (13 Jan):** अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन रमित शर्मा ने आगामी त्योहारों पर आमजन की सुरक्षा व अपराध नियंत्रण के साथ ही शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को सभी जिलों को ड्रोन वितरित किए. उन्होंने कहा कि जिलों में यह ड्रोन अपराध नियंत्रण में मददगार साबित होंगे.एडीजी जोन ने कहा कि ड्रोन आगामी सार्वजनिक आयोजनों में जोन पुलिस की सुरक्षा योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगें और भीड की प्रभावी निगरानी, नियंत्रण और संभावित सुरक्षा खतरों की शुरुआती पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे. लाजिस्टिक्स कार्यालय से प्राप्त ड्रोन की मदद से जोन पुलिस को आपात स्थितियों में तेजी व अधिक सटीक रूप से प्रतिक्रिया करने में मदद मिलेगी और उत्पन्न स्थिति का सुरक्षित और प्रभावी तरीके से आंकलन होगा.

जनसंदेश टाइम्स जनपद बरेली दिनॉक 14.01.2025

# अपर पुलिस महानिदेशक ने बरेली ज़ोन के जनपदों को वितरित किए ड्रोन

राधा बल्लभ अग्रवाल



बरेली। अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, रमित शर्मा द्वारा जोन कार्यालय पर आगामी त्यौहारों पर आमजन की सुरक्षा व अपरा नियंत्रण तथा शांति एवं कानून व्यवस्था को सुद्ढ़ करने के ष्टिगत बरेली जोन के समस्त जनपदों को ड्रोन वितरण किये। ड्रोन वितरण का मुख्य उद्देश्य यह है कि ड्रोन आगामी सार्वजनिक आयोजनों में जोन पुलिस की सुरक्षा योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगें तथा भीड की प्रभावी निगरानी, नियंत्रण और सम्भावित सुरक्षा खतरों की शुरूआती पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगें। लजिस्टिक्स कार्यालय से प्राप्त ड्रोन की मदद से जोन पुलिस को आपात स्थितियों में तेजी व आकि सटीक रूप से प्रतिक्रिया करने में मदद मिलेगी तथा उत्पन्न स्थिति का सुरक्षित और प्रभावी तरीके से आंकलन किया जा सकेगा।

# त्यौहारों की सुरक्षा के लिए पुलिस को मिले ड्रोन



**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक, रमित शर्मा ने जोन कार्यालय पर जोन के सभी जनपदों मैं आगामी त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण, तथा शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से ड्रोन वितरित किए। रमित शर्मा ने कहा कि आगामी सार्वजनिक आयोजनों के दौरान ड्रोन का उपयोग जोन पुलिस की सुरक्षा योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगा। ड्रोन के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को भीड़ की प्रभावी निगरानी, नियंत्रण और संभावित सुरक्षा खतरों की शुरुआती पहचान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रोन की मदद से पुलिस को किसी भी आपात स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया करने और स्थिति का सही और प्रभावी तरीके से आंकलन करने का मौका मिलेगा। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों और सार्वजनिक आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगा। ड्रोन के द्वारा तत्काल जानकारी मिलने से पुलिस को संभावित अपराधों और सुरक्षा खतरे का पहले से अंदाजा लगाकर त्वरित कार्रवाई करने में सहूलियत होगी। कार्यालय में ड्रोन की उड़ान को देख कर पुलिस अधिकारियों को इसकी कार्यप्रणाली समझने का अवसर मिला। वहीं, बरेली और बदायूँ के उन आरक्षीगणों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने ड्रोन संचालन में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इन प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों को उत्साहवर्धन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने इस पहल को एक आधुनिक तकनीकी कदम बताते हुए कहा कि यह कदम पुलिस बल के सामर्थ्य को और अधिक मजबूत बनाएगा और जनता के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा। ड्रोन का उपयोग सिर्फ सुरक्षा निगरानी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह हमारी संपूर्ण पुलिसिंग रणनीति का हिस्सा बनेगा। कानून व्यवस्था में और भी अधिक सुधार होगा और आम जनमानस को बेहतर सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

# त्योहारों में सुरक्षा–व्यवस्था के लिए पुलिस को मिले ड्रोन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक, रमित शर्मा ने जोन कार्यालय पर जोन के सभी जनपदों मैं आगामी त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण, तथा शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से ड्रोन वितरित किए। इस अवसर पर रमित शर्मा ने कहा कि आगामी सार्वजनिक आयोजनों के दौरान ड्रोन का उपयोग जोन पुलिस की सुरक्षा योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगा। ड्रोन के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को भीड़ की प्रभावी निगरानी, नियंत्रण और संभावित सुरक्षा खतरों की शुरुआती पहचान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रोन की मदद से पुलिस को किसी भी आपात स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया करने और स्थिति का सही और प्रभावी तरीके से आंकलन करने का मौका मिलेगा।

भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों और सार्वजनिक आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगा। ड्रोन के द्वारा तत्काल जानकारी मिलने से पुलिस को संभावित अपराधों और सुरक्षा खतरे का पहले से अंदाजा लगाकर त्वरित कार्रवाई करने में सहूलियत होगी।



» ड्रोन के माध्यम से नियंत्रण और संभावित सुरक्षा खतरों की शुरुआती पहचान करने में मदद मिलेगी

# हिन्दुस्तान जनपद रामपुर दिनॉक 14.01.2025

## रामपुर पुलिस को मिला ड्रोन

**रामपुर।** महाकुंभ को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने के लिए बरेली जोन से एडीजी ने रामपुर पुलिस को एक ड्रोन दिया है। इस ड्रोन की मदद से जिले के सुरक्षा घेरा मजबूत किया जाएगा। साथ ही स्नान पर्व पर इस ड्रोन से निगरानी की जाएगी। प्रयागराज में महाकुंभ के साथ ही अमरोहा में तिगरी धाम पर भी श्रद्धालु मुख्य पर्व पर स्नान के लिए जाएंगे। वहीं, महाकुंभ को लेकर पहले ही धमकी दी जा चुकी है। इसलिए सरकार की ओर से हर जिले का अलर्ट किया गया है। इसी में रामपुर जिले में एक योजना तैयार की गई है। 13 जनवरी से 28 फरवरी के बीच यहां सघन चेकिंग की जाएगी। उधर, सोमवार को एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने जिले में एक सराकरी ड्रोन उपलब्ध कराया।